दे दो हमारी बांसुरिया तुम्हारे राधा क्या काम की

दे दो हमारी बांसुरिया तुम्हारे राधा क्या काम की...

काहे से गाऊ काहे से बजाऊ,
काहे से घेर लाऊ गैया, तुम्हारे राधा क्या काम की,
दे दो हमारी बांसुरिया तुम्हारे राधा क्या काम की...

मुख से गाओ हाथों से बजाओ,
चुटकी से घेर लाओ गैया, तुम्हारे कान्हा क्या काम की,
दे दो हमारी बांसुरिया तुम्हारे राधा क्या काम की...

काहे मै नहाऊं काहे मै धोऊ,
काहे मैं पिलाऊ गऊ पनिया, तुम्हारे राधा क्या काम की,
दे दो हमारी बांसुरिया तुम्हारे राधा क्या काम की...

जमुना में नहाओ लहरों में धोओ,
पोखर पिला लाओ पनियां, तुम्हारे कान्हा क्या काम की,
दे दो हमारी बांसुरिया तुम्हारे राधा क्या काम की...

सोने की नहीं है चांदी की नहीं है,
हरे बांस की बसुरिया, तुम्हारे राधा क्या काम की,
दे दो हमारी बांसुरिया तुम्हारे राधा क्या काम की...

ये रे मुरलिया मुझे प्राणों से प्यारी,
मुरली की हो गई चोरी, तुम्हारे राधा क्या काम की,
दे दो हमारी बांसुरिया तुम्हारे राधा क्या काम की...

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/28629/title/de-do-humari-bansuriya-tumhare-radha-kya-kaam-ki

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |